मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-304
23/06/2025

# मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का किया लोकार्पण

पटना, 23 जून 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकर्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण किया। राघोपुर पहुँचने पर वहां उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर एवं जिंदाबाद के नारे लगाकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस पुल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने जन समूह का अभिवादन स्वीकार करते हुये कहा कि आप लोगों के हित में हम लगातार काम कर रहे हैं और इस क्षेत्र के विकास के लिए हमसे जो बन पड़ेगा करते रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस 6 लेन गंगा पुल के निर्माण के लिये हमलोग लगातार काम कर रहे थे। निर्माणाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण कर पुल का निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे। खुशी की बात है कि अब यह सपना साकार हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया, जिससे आवागमन और सुगम हो गया। उन्होंने कहा कि पटना शहर में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जे0पी0 गंगा पथ से जोड़नेवाले निर्माणाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जे0पी0 गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जे0पी0 गंगापथ की तरफ से आने–जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुये काम को एक माह में तेजी से पूर्ण करें।

ज्ञातव्य है कि पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या–103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 कि0मी0 लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का

निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 कि0मी0 लम्बा पुल तथा 10 कि0मी0 लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। इस परियोजना की कुल लागत 4 हजार 988 करोड़ रूपये है।

प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 कि0मी0) का काम पूरा हो चुका है। इस कार्य के पूर्ण होने से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिए सड़क सम्पर्कता मिल जायेगी। पूर्व में राघोपुर क्षेत्र में नाव से ही आवागमन सम्भव हो पाता था। द्वितीय चरण में हाजीपुर–महनार पथ से चकसिकन्दर तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर–महनार पथ का निर्माण किया जा रहा है। अब तक परियोजना की वर्तमान प्रगति 85 प्रतिशत है तथा शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधान पार्षद श्री रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक श्री सतीश कुमार, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृतलाल मीणा, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री राजकुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वैशाली की जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह, तिरहुत रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री चंदन कुमार कुशवाहा, पटना के वरीय पुलिस अधीक्ष श्री कार्तिकेय के0 शर्मा, वैशाली के पुलिस अधीक्षक श्री ललित मोहन शर्मा, अन्य वरीय अधिकारी, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******